Adda247 GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/03/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** एक व्यापारी दो वस्तुओं X और Y में से प्रत्येक को ₹1,000 में खरीदता है। वह दोनों वस्तुओं पर समान मूल्य अंकित करता है। वह वस्तु X को 15% और 30% की दो क्रमिक छूट पर बेचता है और फिर भी ₹337 का लाभ अर्जित करता है। यदि वह वस्तु Y को 49% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ A. 14.6%
✘ B. 14%
✘ C. 13.6%
✘ D. 13%

**Q.2** अप्रैल 2025 तक की स्थिति के अनुसार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का प्रशासन ________ द्वारा प्रशासित किया गया है।

**Ans**
✘ A. श्री पीयूष गोयल
✘ B. श्री नितिन जयराम गड़करी
✔ C. श्री शिवराज सिंह चौहान
✘ D. श्री प्रल्हाद जोशी

**Q.3** ऐकेशिया प्रजाति के पादप का वह रूपांतरित पर्णवृंत जो पर्ण-फलक जैसा दिखता है, उसे ________________ कहा जाता है।

**Ans**
✘ A. प्रतान (tendril)
✔ B. पर्णाभ वृंत (phyllode)
✘ C. सहपत्र (bracts)
✘ D. कंटक (spine)

**Q.4** भारतीय संविधान के राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत मुख्यत: किस प्रकार के न्याय को प्राप्त करने का लक्ष्य रखते हैं?

**Ans**
✘ A. सभी कानूनी न्याय
✘ B. धार्मिक न्याय
✔ C. आर्थिक और सामाजिक न्याय
✘ D. राजनीतिक न्याय

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.5 1 से 64 तक की सभी प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 33
- ✗ B. 33.5
- ✗ C. 32
- ✓ D. 32.5

Q.6 यदि $8x^3 - 27y^3 = (Ax + By)(Cx^2 - Dy^2 + Exy)$ है, तो $(A + B + C + D + E)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 0
- ✗ B. −3
- ✗ C. −1
- ✗ D. 2

Q.7 J, K, L, M, N और O एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
K किसी विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन क्रमांक 3 वाले तल पर नहीं। K और L के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। J, K के ठीक नीचे रहता है। M किसी सम क्रमांक वाले तल पर रहता है। O सबसे निचले तल पर नहीं रहता है।
N और J के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. पाँच
- ✗ C. चार
- ✗ D. तीन

Q.8 इलेक्ट्रॉन के लिए e/m अनुपात, किसके द्वारा निर्धारित किया गया?

Ans
- ✗ A. आइज़ैक न्यूटन (Issac Newton)
- ✗ B. नील्स बोहर (Niels Bohr)
- ✗ C. अल्बर्ट आइंस्टीन (Albert Einstein)
- ✓ D. जे. जे. थॉमसन (J.J. Thomson)

Q.9 यदि एक 7 अंकों की संख्या 56339A8, संख्या 6 से पूर्णतः विभाज्य है, तो A का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 2
- ✗ B. 3
- ✗ C. 5
- ✗ D. 1

Q.10 यदि x, y के व्युत्क्रमानुपाती है, और जब x = 28 हो, तो y = 30 है, तो y = 20 होने पर x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 42
- ✗ B. 52
- ✗ C. 38
- ✗ D. 33

Q.11 एक दुकानदार एक वस्तु को 60% हानि पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह सदोष तुला का उपयोग करके 70% लाभ अर्जित करता है। 1 kg के स्थान पर कितने वास्तविक वजन (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) का उपयोग करता है?

Ans
- ✗ A. 241.3 gm
- ✗ B. 239.8 gm
- ✓ C. 235.3 gm
- ✗ D. 230.9 gm

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | निम्नलिखित में से कौन-सा शॉर्टकट मौजूदा फ़ाइल को सेव करता है? | |
| Ans | ✔ A. Ctrl+S<br>✘ B. Ctrl+R<br>✘ C. Ctrl+P<br>✘ D. Ctrl+L | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | 3 दिसंबर, 2004 के बाद भारत के बाहर जन्मे व्यक्ति को वंशज के आधार पर भारतीय नागरिक माने जाने के लिए कौन-सी शर्त पूरी होनी चाहिए? | |
| Ans | ✘ A. उन्हें 10 वर्षों तक भारत में रहना होगा<br>✘ B. उन्हें कम से कम 5 वर्ष तक भारत में रहना होगा<br>✔ C. उनके माता-पिता दोनों भारतीय नागरिक होने चाहिए<br>✘ D. उन्हें किसी अन्य राष्ट्रीयता का त्याग करना होगा | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | वर्तमान में, वनराज की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी है और उसकी पुत्री उसके पुत्र से 3 वर्ष छोटी है। यदि 3 वर्ष पूर्व इन तीनों व्यक्तियों की आयु का योगफल 93 वर्ष था, तो वनराज की वर्तमान आयु (वर्ष में) क्या है? | |
| Ans | ✘ A. 39<br>✘ B. 44<br>✘ C. 49<br>✔ D. 63 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | P और Q दो स्टेशन हैं। एक रेलगाड़ी, P से Q तक 144 km/h की चाल से यात्रा करती है और धीमी चाल से P पर वापस आ जाती है। यदि संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल 126 km/h है, तो रेलगाड़ी की वापस लौटने की चाल ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✘ A. 121 km/h<br>✘ B. 124 km/h<br>✔ C. 112 km/h<br>✘ D. 128 km/h | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | 66 cm लंबाई और 30 cm चौड़ाई वाले आयताकार कागज से एक शंकु के आकार का खुला पैकेट बनाया जाता है। पैकेट की ऊंचाई यथासंभव अधिक रखी जाती है और आयत की लंबाई शंकु के आकार के पैकेट के आधार की परिधि बनाती है। अंदर रखी वस्तुओं को गिरने से बचाने के लिए, पैकेट को शंकु के शीर्ष से 2 cm की ऊंचाई पर स्टेपल किया जाता है। पैकेट का आयतन ($cm^3$) ज्ञात कीजिए (अपना उत्तर निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें)।<br>($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें ) | |
| Ans | ✔ A. 3464<br>✘ B. 3582<br>✘ C. 3638<br>✘ D. 3296 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | 1510 में पुर्तगालियों ने किस बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था और उसे भारत में अपनी उपनिवेश की राजधानी बना दिया था? | |
| Ans | ✔ A. गोवा<br>✘ B. सूरत<br>✘ C. बॉम्बे<br>✘ D. कालीकट | |

Adda247
GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | मान लीजिए C एक वृत्त है जिसका केंद्र O और त्रिज्या 21 cm है। मान लीजिए OAB, C का एक त्रिज्यखंड है। यदि त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल 385 $cm^2$ है, तो O पर त्रिज्यखंड द्वारा बनाया गया कोण ज्ञात कीजिए। ($\pi$ = 22/7 का प्रयोग कीजिए।) | |
| Ans | ✔ A. 100°<br>✘ B. 120°<br>✘ C. 60°<br>✘ D. 80° | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'WINS' को '8246' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'NORM' को '3851' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।<br>दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या है? | |
| Ans | ✘ A. 4<br>✔ B. 8<br>✘ C. 1<br>✘ D. 3 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | अक्टूबर 2025 में, अर्जेंटीना पर मोरक्को की U-20 वर्ल्ड कप जीत किस कारण से महत्वपूर्ण थी? | |
| Ans | ✘ A. यह टूर्नामेंट के इतिहास में अर्जेंटीना की पहली हार थी।<br>✘ B. मोरक्को ने पहली बार U-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी।<br>✔ C. यह मोरक्को का पहला U-20 वर्ल्ड कप खिताब था।<br>✘ D. मोरक्को ने पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की थी। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | यदि किसी पुस्तक के एक कॉलम में छपी हुई 4 लाइनों में 36 शब्द हैं, तो 93 लाइनों वाले कॉलम में कितने शब्द होंगे? | |
| Ans | ✘ A. 847<br>✘ B. 833<br>✘ C. 841<br>✔ D. 837 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?<br><br># : LHN :: PLR : % | |
| Ans | ✔ A. # = MIO , % = OKQ<br>✘ B. # = MIO , % = OLQ<br>✘ C. # = MIP , % = OKQ<br>✘ D. # = MIO , % = OKR | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(24, 578, 3)<br>(23, 536, 8) | |
| Ans | ✘ A. (9, 109, 24)<br>✘ B. (16, 285, 25)<br>✔ C. (10, 106, 7)<br>✘ D. (47, 2230, 17) | |

Adda247

**Q.24** कोई धनराशि साधारण ब्याज पर किस वार्षिक दर (प्रतिशत में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) से 18 वर्षों में स्वयं की 5 गुनी हो जाएगी?

**Ans**
- ✔ A. 22.22
- ✘ B. 44.44
- ✘ C. 24.22
- ✘ D. 20.22

**Q.25** उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

5-7-9
11-13-15

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
- ✘ A. 4-30-84
- ✘ B. 18-15-12
- ✔ C. 21-23-25
- ✘ D. 4-39-61

**Q.26** एक महिला ने 90 min तक 20 m/min की चाल से और फिर 60 मिनट तक 70 m/min की चाल से यात्रा की। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (m/min में) कितनी है?

**Ans**
- ✘ A. 46
- ✘ B. 33
- ✘ C. 44
- ✔ D. 40

**Q.27** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
सभी त्वचा, बाल हैं। सभी बाल, फर हैं। सभी फर, फ्लीस हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी त्वचा, फ्लीस है।
(II) कुछ फ्लीस, बाल हैं।

**Ans**
- ✘ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✔ C. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✘ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Q.28** भारत किस वर्ष आधिकारिक तौर पर शंघाई सहयोग संगठन (SCO) का पूर्ण सदस्य बना?

**Ans**
- ✘ A. 2021
- ✘ B. 2008
- ✔ C. 2017
- ✘ D. 2012

**Q.29** सितंबर 2025 में अरुंधति रॉय की पुस्तक 'मदर मैरी कम्स टु मी (Mother Mary Comes to Me)' किस प्रकाशक ने प्रकाशित की?

**Ans**
- ✘ A. रूपा पब्लिकेशंस (Rupa Publications)
- ✘ B. हार्पर कॉलिन्स इंडिया (HarperCollins India)
- ✔ C. पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (Penguin Random House India)
- ✘ D. हैचेट इंडिया (Hachette India)

Adda247

**Q.30** प्रारंभिक आधुनिक काल में भारत में व्यापारिक बस्तियाँ स्थापित करने वाली पहली यूरोपीय शक्ति कौन-सी थी?

Ans
- ✗ A. अंग्रेज़ी
- ✗ B. डच
- ✓ C. पुर्तगाली
- ✗ D. फ्रांसीसी

**Q.31** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. FJN
- ✗ B. XBG
- ✗ C. QUZ
- ✗ D. TXC

**Q.32** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) की जन शिक्षण संस्थान योजना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
- ✗ A. यह निरक्षरों/नव-साक्षरों और शिक्षा के प्राथमिक स्तर वाले व्यक्तियों के व्यावसायिक कौशल और तकनीकी ज्ञान में सुधार पर केंद्रित है।
- ✗ B. इसका मुख्य उद्देश्य कुशल प्रशिक्षकों का एक समूह तैयार करना है।
- ✗ C. इसका उद्देश्य कौशल विकास/कौशल उन्नयन के माध्यम से जिलों में पारंपरिक कौशलों की पहचान करना और उन्हें बढ़ावा देना है।
- ✓ D. इसे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITIs) के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।

**Q.33** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) \ ? % 4 ? 3 / 3 / 9 4 6 4 1 ? * + ^ > 2 * (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक से ठीक पहले एक अन्य प्रतीक है और ठीक बाद एक संख्या है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✗ C. एक
- ✓ D. दो

**Q.34** यदि निम्नलिखित आंकड़े का माध्य 40 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 42 | 19 | 23 | 26 | X |

Ans
- ✗ A. 38
- ✓ B. 88
- ✗ C. 79
- ✗ D. 40

**Q.35** 2025 में RESPECT वुमन प्रीवेंशन फ्रेमवर्क का दूसरा संस्करण कब लॉन्च किया गया था?

Ans
- ✓ A. 19 नवंबर
- ✗ B. 8 मार्च
- ✗ C. 25 नवंबर
- ✗ D. 10 दिसंबर

**Q.36** नवंबर 2025 में, निम्नलिखित में से किस संगठन ने किफायती मलेरिया टीकों के लिए एक एक नई डील प्राप्त करने के लिए UNICEF के साथ साझेदारी की?

Ans
- ✗ A. रेड क्रॉस (Red Cross)
- ✗ B. डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (Doctors Without Borders)
- ✗ C. ऑक्सफैम (Oxfam)
- ✓ D. गावी (Gavi)

**Q.37** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न "?" को प्रतिस्थापित करेगा?
KUO 5, PZT 12, UEY 19, ZJD 26, ?

Ans
- ✗ A. ENG 33
- ✓ B. EOI 33
- ✗ C. DNH 32
- ✗ D. EPK 35

**Q.38** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, ब्रायोफाइट्स को शैवाल से अलग करता है?

Ans
- ✗ A. ब्रायोफाइट्स, क्रिप्टोगैम होते हैं।
- ✗ B. ब्रायोफाइट्स अपना भोजन स्वयं बना सकते हैं
- ✓ C. ब्रायोफाइट्स, युग्मज से भ्रूण के निर्माण का प्रदर्शन करते हैं
- ✗ D. ब्रायोफाइट्स में पर्णहरित होता है

**Q.39** यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
216 ÷ 3 + 1313 × 13 - 112 = ?

Ans
- ✓ A. 659
- ✗ B. 523
- ✗ C. 586
- ✗ D. 722

**Q.40** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. BEG
- ✗ B. NQS
- ✗ C. EHJ
- ✓ D. DGH

**Q.41** X, Y, Z, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
X किसी सम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन क्रमांक 4 वाले तल पर नहीं। X और T के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। S किसी विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन सबसे निचले तल पर नहीं। S और Y के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। Z, S के ठीक नीचे रहता है। U और Z के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. तीन

Adda247

Q.42 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P के दाएँ से गिनती करने पर P और U के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। U और V के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P और T के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S, R के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। Q के दाएँ से गिनती करने पर P और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 3
- ✓ C. 1
- ✗ D. 2

Q.43 एक टाइपिस्ट को 2 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। उसको 87 पृष्ठ टाइप करने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 1750
- ✗ B. 1745
- ✗ C. 1730
- ✓ D. 1740

Q.44 एक वर्ग का क्षेत्रफल 3969 $cm^2$ है। इसका परिमाप एक सम षट्भुज के परिमाप के बराबर है। षट्भुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 2608
- ✓ B. $2646\sqrt{3}$
- ✗ C. 2600
- ✗ D. $2662\sqrt{3}$

Q.45 'मेक इन इंडिया' पहल निम्नलिखित में से किस वर्ष शुरू की गई थी?

Ans
- ✗ A. 2013
- ✓ B. 2014
- ✗ C. 2012
- ✗ D. 2015

Q.46 मानव विकास के संकल्पनात्मक फ्रेमवर्क का प्रतिपादन ___________ के द्वारा किया गया था।

Ans
- ✗ A. एलन सी. सेम्पुल
- ✓ B. डॉ. महबूब-उल-हक़
- ✗ C. डॉ. अब्दुस सलाम
- ✗ D. प्रो. अमर्त्य सेन

Q.47 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : LOU :: WZF : %

Ans
- ✓ A. # = EHN, % = DGM
- ✗ B. # = FHN, % = DGM
- ✗ C. # = EHN, % = DGO
- ✗ D. # = EHN, % = DGI

Q.48 किस भारतीय संगठन ने अक्टूबर 2025 में SJ-100 के उत्पादन के लिए रूस के UAC के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✗ A. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
- ✗ B. DRDO
- ✓ C. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
- ✗ D. ISRO

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.49 मान लीजिए ABCD एक चतुर्भुज है जो निम्नलिखित में से किसी भी शर्त को पूरा करता है।
(i) विपरीत भुजाएँ बराबर हैं
(ii) ABCD का प्रत्येक विकर्ण इसे सर्वांगसम त्रिभुजों में विभाजित करता है
(iii) विपरीत कोणों का प्रत्येक युग्म बराबर है
(iv) ABCD के विकर्ण एक दूसरे को समद्विभाजित करते हैं
तो ABCD एक ____________ होना चाहिए।

Ans
- ✗ A. समलंब चतुर्भुज
- ✗ B. पतंग
- ✗ C. आयत
- ✓ D. समांतर चतुर्भुज

Q.50 समूह A में 32 सदस्य, समूह B में 52 सदस्य और समूह C में 73 सदस्य हैं। इन सभी समूहों के सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर व्यय की गई औसत धनराशि क्रमशः ₹266, ₹470 और ₹168 है। प्रति सदस्य व्यय की गई समग्र औसत धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 288
- ✗ B. 292
- ✗ C. 286
- ✗ D. 291

Q.51 किसी निश्चित कूट भाषा में,
X + Y का अर्थ है 'X, Y का पति है',
X – Y का अर्थ है 'X, Y की माता है',
X × Y का अर्थ है 'X, Y की पत्नी है' और
X ÷ Y का अर्थ है 'X, Y का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P + Q – R × S ÷ T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पिता का पिता
- ✗ B. पिता का भाई
- ✓ C. माता का पिता
- ✗ D. माता का भाई

Q.52 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

77 78 82 91 107 ?

Ans
- ✗ A. 131
- ✗ B. 133
- ✗ C. 134
- ✓ D. 132

Q.53 फरदीन बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर में 42 km चलता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, और 40 km चलता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 49 km चलता है। इसके बाद वह फिर बाएँ मुड़ता है और 46 km चलता है। अंत में वह फिर बाएँ मुड़ता है, 7 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुन: पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans
- ✓ A. दक्षिण की ओर 6 km
- ✗ B. दक्षिण की ओर 5 km
- ✗ C. दक्षिण की ओर 7 km
- ✗ D. दक्षिण की ओर 8 km

Q.54 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MINT' को '6134' के रूप में और 'TIME' को '4365' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 5
- ✗ C. 3
- ✗ D. 6

Adda247

Q.55 कंप्यूटर की चौथी पीढ़ी में इंटीग्रेटेड सर्किट और कॉम्पैक्ट कंप्यूटिंग का उपयोग हुआ है। इस पीढ़ी की शुरुआत किस प्रमुख घटक के आविष्कार से हुई?

Ans
✗ A. ट्रांजिस्टर डिवाइस यूनिट (Transistor Device Unit)
✗ B. ईएनआईएसी कंप्यूटर सिस्टम (ENIAC Computer System)
✓ C. माइक्रोप्रोसेसर चिप (Microprocessor Chip)
✗ D. टैब्यूलेटिंग मशीन डिवाइस (Tabulating Machine Device)

Q.56 राजा खारवेल (Kharavela) का संबंध निम्नलिखित में से किस वंश से था?

Ans
✓ A. चेदि वंश
✗ B. सातवाहन वंश
✗ C. शुंग वंश
✗ D. कण्व वंश

Q.57 दो संख्याओं a और b का योग 129 है, जहाँ $a < b$ है। a और b का HCF और LCM क्रमशः 3 और 1350 हैं। $\frac{1}{a} - \frac{1}{b}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $\frac{441}{450}$
✗ B. $\frac{-21}{1550}$
✓ C. $\frac{7}{1350}$
✗ D. $\frac{-3}{4550}$

Q.58 अगस्त 2025 में, किस अर्धसैनिक बल ने राजस्थान की सीमा पर ऑपरेशन अलर्ट का समारंभ किया था?

Ans
✗ A. भारतीय तटरक्षक बल
✗ B. भारतीय नौसेना
✓ C. सीमा सुरक्षा बल (BSF)
✗ D. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)

Q.59 निम्नलिखित में से कौन-सा, द्विघात समीकरण के तुल्य है?

Ans
✗ A. $\frac{(x^2-1)}{(x+1)} = x-2$
✗ B. $\frac{x}{x-1} + \frac{2x}{x-1} = 3$
✓ C. $(x^2+1)^2 - x^4 = 2x+1$
✗ D. $x^3 - 3x^2 + 3x - 1 = (x-1)^3$

Q.60 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'W – O x R + K ÷ G' है, तो W का G से क्या संबंध है?

Ans
✓ A. भाई की पत्नी का भाई
✗ B. भाई की पत्नी का पिता
✗ C. पत्नी का पिता
✗ D. पत्नी का भाई

Adda247

Q.61 इस प्रश्न में, प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिए गए डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर का चयन करें।

प्रश्न:
5 वृक्षों L, M, N, T और V में से प्रत्येक की ऊँचाई भिन्न है, सबसे छोटा वृक्ष कौन-सा है?

कथन:
(I) N केवल तीन वृक्षों से छोटा है।
(II) N, M से ऊँचा है लेकिन T से छोटा है।

Ans
✔ A. कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
✗ B. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
✗ C. अकेले कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
✗ D. अकेले कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

Q.62 निम्नलिखित सारणी में एक परीक्षा में 100 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को प्रदर्शित किया गया है।

| प्राप्तांक | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 5 | 9 | 14 | 22 | 30 | 20 |

माध्यिका अंक ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 39.2
✔ B. 40.0
✗ C. 38.8
✗ D. 42.2

Q.63 $\frac{\cot\theta - \cos\theta}{\cot\theta + \cos\theta}$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
✗ A. $\frac{\operatorname{cosec}\theta + 1}{\operatorname{cosec}\theta - 1}$
✗ B. $\frac{\sec\theta + 1}{\sec\theta - 1}$
✔ C. $\frac{\operatorname{cosec}\theta - 1}{\operatorname{cosec}\theta + 1}$
✗ D. $\frac{\sec\theta - 1}{\sec\theta + 1}$

Q.64 एक दुकानदार ने 21 दर्जन वस्तुएं ₹150 प्रति दर्जन की दर से खरीदीं। उसने प्रत्येक वस्तु ₹78 की दर से बेची। उसे कितने प्रतिशत लाभ हुआ?

Ans
✗ A. 523%
✗ B. 526%
✗ C. 525%
✔ D. 524%

Q.65 निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन सा अक्षर-समूह रखने पर यह तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?
YQM 2 SKG 6 MEA 12 GYU 20 ?

Ans
✗ A. DZP 30
✗ B. LWY 30
✔ C. ASO 30
✗ D. BTP 32

Q.66 निम्नलिखित में से कौन-सा नेता ब्रह्म समाज की स्थापना और एकेश्वरवाद तथा सामाजिक सुधार पर इसके बल देने से जुड़ा हुआ है?

Ans
✗ A. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
✗ B. देवेंद्रनाथ टैगोर
✔ C. राजा राम मोहन राय
✗ D. स्वामी दयानंद सरस्वती

Q.67 A, B, L, I, N, G और S में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। B की परीक्षा सप्ताह के पहले दिन होती है। B और L के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा होती है। L और A के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। N की रविवार को परीक्षा होती है। S की परीक्षा, I के बाद किसी एक दिन होती है, लेकिन G से पहले किसी एक दिन होती है। गुरुवार को किसकी परीक्षा होती है?

Ans
- ✗ A. I
- ✗ B. G
- ✓ C. S
- ✗ D. A

Q.68 संविधान के अंतर्गत किस प्राधिकारी को संसद के प्रत्येक सदन के सदस्यों और उनकी समितियों की शक्तियों, विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों को परिभाषित करने की शक्ति दी गई है?

Ans
- ✗ A. सर्वोच्च न्यायालय
- ✗ B. भारत के राष्ट्रपति
- ✗ C. लोकसभा अध्यक्ष
- ✓ D. स्वयं संसद

Q.69 मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय संविधान की बारहवीं अनुसूची शहरी स्थानीय निकायों के कार्यात्मक क्षेत्र में कितने नए कार्यों को परिभाषित करती है?

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 20
- ✗ C. 19
- ✓ D. 18

Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा, तिब्बती-बर्मी भाषा परिवार से संबंधित नहीं है?

Ans
- ✗ A. बोडो
- ✗ B. लेप्चा
- ✗ C. गारो
- ✓ D. असमिया

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से GKOS का संबंध INQV से है। उसी प्रकार, HLPT का संबंध JORW से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, AEIM का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. DGKP
- ✓ B. CHKP
- ✗ C. CGLQ
- ✗ D. DHLQ

Q.72 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

52 50 47 42 35 ?

Ans
- ✗ A. 25
- ✗ B. 23
- ✓ C. 24
- ✗ D. 26

Q.73 9 और 25 के बीच माध्यानुपाती (mean proportional) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 21
- ✓ B. 15
- ✗ C. 18
- ✗ D. 12

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.74 चिल्का झील ओडिशा के किन तीन जिलों में फैली हुई है?

Ans
✔ A. पुरी, खुर्दा और गंजम
✘ B. खुर्दा, बालासोर और गंजम
✘ C. कटक, पुरी और केंद्रपाड़ा
✘ D. पुरी, जगतसिंहपुर और खुर्दा

Q.75 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी शेर, बंदर हैं। कुछ बंदर, बिल्ली हैं। सभी सूअर, बिल्ली हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ सूअर, शेर हैं।
(II) कुछ सूअर, बंदर हैं।

Ans
✘ A. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✔ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.76 अजय द्वारा चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश की गई कोई धनराशि 7 वर्षों में दोगुनी हो जाती है जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। कितने वर्षों में वह धनराशि स्वयं की सोलह गुनी हो जाएगी?

Ans
✘ A. 56
✘ B. 14
✘ C. 112
✔ D. 28

Q.77 निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक वायु प्रदूषक नहीं है?

Ans
✘ A. सल्फर डाइऑक्साइड
✔ B. ओजोन
✘ C. कार्बन मोनोऑक्साइड
✘ D. नाइट्रोजन ऑक्साइड

Q.78 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएँ) 419 975 573 389 937 (दाएँ)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी हैं।

सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ने पर परिणाम कितना प्राप्त होगा?

Ans
✘ A. 17
✘ B. 19
✔ C. 16
✘ D. 18

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.79 एक निश्चित तर्क के अनुसार 10 का संबंध 120 से है। उसी तर्क के अनुसार, 12 का संबंध 168 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 18 का संबंध दिए गए विकल्पों में किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 256
- ✗ B. 324
- ✗ C. 400
- ✓ D. 360

Q.80 लामन, जिसमें लड़कियों का एक समूह एक छंद (stanza) गाता है और लड़कों का एक समूह गीत में उसका उत्तर देता है, जो घंटों तक चलता रहता है, किस राज्य का लोकप्रिय लोक संगीत है?

Ans
- ✗ A. हरियाणा
- ✓ B. हिमाचल प्रदेश
- ✗ C. गुजरात
- ✗ D. राजस्थान

Q.81 दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, पंजीकृत मतदाताओं में से 80% ने अपना वोट डाला और 15% वोट अमान्य पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध वोटों का 75% प्राप्त हुआ और उसने 289 वोटों के अंतर से चुनाव जीत लिया। कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
- ✓ A. 850
- ✗ B. 852
- ✗ C. 851
- ✗ D. 848

Q.82 (-9) - (-56) ÷ (-14) + (-3) × 6 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. -33
- ✗ B. -30
- ✓ C. -31
- ✗ D. -34

Q.83 प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) किस वर्ष शुरू की गई थी?

Ans
- ✓ A. 2015
- ✗ B. 2020
- ✗ C. 2010
- ✗ D. 2025

Q.84 कंप्यूटर को रीस्टार्ट करने का अर्थ है, ___________ है।

Ans
- ✗ A. उसे स्थायी रूप से ऑफ (off) करना
- ✗ B. केवल डेस्कटॉप को रिफ्रेश करना
- ✗ C. नया OS इंस्टॉल करना
- ✓ D. उसे स्वचालित रूप से ऑफ (off) करके फिर से ऑन (on) करना

Q.85 लगभग 2500 ईसा पूर्व की हड़प्पाकालीन मूर्तियों, जैसे कि नर्तकी की मूर्ति, के लिए सामान्यतः किस सामग्री का उपयोग किया गया था?

Ans
- ✗ A. संगमरमर
- ✓ B. कांस्य
- ✗ C. ग्रेनाइट
- ✗ D. रजत

Adda247

**Q.86** निम्नलिखित में से कौन-सा पारिस्थितिकी तंत्र में एक अजैविक कारक का उदाहरण है?

**Ans**
- ✗ A. कीट
- ✗ B. जीवाणु
- ✗ C. वृक्ष
- ✓ D. मृदा

**Q.87** भुवनेश्वर में अवस्थित 10वीं शताब्दी ईस्वी के लिंगराज मंदिर की कौन-सी विशेषता नागर स्थापत्य शैली को दर्शाती है?

**Ans**
- ✓ A. वक्रनुमा शिखर मीनार
- ✗ B. सुशोभित गोपुरम प्रवेश द्वार
- ✗ C. वृत्ताकार स्तूप गुंबद
- ✗ D. सोपानी पिरामिडनुमा विमान

**Q.88** अक्टूबर-नवंबर 2025 के दौरान, किन दो भारतीय राज्यों ने त्रि-सेवा अभ्यास, त्रिशूल 2025 की मेजबानी की?

**Ans**
- ✓ A. गुजरात और राजस्थान
- ✗ B. महाराष्ट्र और पंजाब
- ✗ C. उत्तर प्रदेश और बिहार
- ✗ D. तमिलनाडु और केरल

**Q.89** आधुनिक कृषि परिवर्तनों के बावजूद भारत में किस प्रकार की कृषि पद्धति अभी भी व्यापक रूप से प्रचलित है?

**Ans**
- ✗ A. जैविक कृषि
- ✗ B. रोपण कृषि
- ✓ C. निर्वाह कृषि
- ✗ D. वाणिज्यिक कृषि

**Q.90** यदि संख्या 8371456 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से दूसरे अंक और दाईं ओर से दूसरे अंक का योग कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 8
- ✗ B. 11
- ✗ C. 9
- ✓ D. 10

**Q.91** अखज मध्यपाषाणी स्थल (Akhaj Mesolithic site) भारत के किस राज्य में स्थित है?

**Ans**
- ✗ A. बिहार
- ✗ B. असम
- ✓ C. गुजरात
- ✗ D. मेघालय

**Q.92** किसी संख्या का 20%, 620 के 20% से 190 अधिक है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 1570
- ✗ B. 1420
- ✗ C. 1670
- ✗ D. 1620

Adda247

**Q.93** सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) के भीतर कंट्रोल यूनिट (Control Unit - CU) की प्राथमिक भूमिका क्या है?

**Ans**
- ✔ A. यह पूरे कंप्यूटर सिस्टम में अनुदेशों और डेटा के प्रवाह का प्रबंधन और समन्वय करता है।
- ✘ B. यह ऑपरेटिंग सिस्टम और आधारभूत बूट अनुदेशों को स्थायी रूप से संग्रहीत करता है।
- ✘ C. यह डेटा पर सभी अंकगणितीय और तार्किक गणनाएँ करता है।
- ✘ D. यह सक्रिय प्रोग्रामों के लिए सिस्टम का प्राथमिक अस्थिर भंडारण प्रदान करता है।

**Q.94** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) C P # A G = % B H * + D F ? E ! L M $ I O (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक दूसरा अक्षर है?

**Ans**
- ✘ A. एक
- ✔ B. पाँच
- ✘ C. चार
- ✘ D. दो

**Q.95** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, भारत में कृषि की विविधता में योगदान नहीं देता है?

**Ans**
- ✘ A. मृदा के प्रकार
- ✘ B. जलवायु
- ✘ C. सिंचाई की उपलब्धता
- ✔ D. एकसमान भू-आकृति

**Q.96** भारत सरकार द्वारा 26 अक्टूबर 2025 को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार में उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए किस पुरस्कार की घोषणा की गई?

**Ans**
- ✔ A. राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार
- ✘ B. पद्म विभूषण
- ✘ C. शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार
- ✘ D. भारत रत्न

**Q.97** तीन दोस्तों X, Y और Z ने 6 : 3 : 5 के अनुपात में निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। 6 माह बाद, X ने अपनी पूंजी का आधा हिस्सा निकाल लिया। यदि Z द्वारा निवेश की गई राशि ₹12,000 है, तो ₹69,000 के कुल वार्षिक लाभ में से X और Y के बीच लाभ का अंतर क्या है?

**Ans**
- ✘ A. ₹9910
- ✘ B. ₹8120
- ✔ C. ₹8280
- ✘ D. ₹7290

**Q.98** M, N, O, P, Q, R और S एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। M, S के दाएँ चौथे स्थान पर बैठा है। P के बाएँ से गिनने पर, P और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R, O के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। O और Q का निकटतम पड़ोसी N है। N के बाएँ से गिनने पर, M और N के बीच कितने व्यक्ति हैं?

**Ans**
- ✔ A. चार
- ✘ B. दो
- ✘ C. एक
- ✘ D. तीन

**Q.99** निम्नलिखित में से किस राज्य समूह में आम्र-बौछार (Mango shower) होती है?

**Ans**
- ✔ A. कर्नाटक और केरल
- ✘ B. बिहार और पश्चिम बंगाल
- ✘ C. आंध्र प्रदेश और तेलंगाना
- ✘ D. केरल और तमिलनाडु

Q.100 यदि $x = \sqrt[3]{(31 + 14\sqrt{3})}$ और $y = \sqrt[3]{(31 - 14\sqrt{3})}$ है, तो $x^3 + y^3 + 3x^3y^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

- ✗ A. 1143
- ✗ B. 1157
- ✓ C. 1181
- ✗ D. 1198

"